## विक्रमोत्सव की डिजिटल धूम, 17 करोड़ से ज्यादा तक पहुंचा आयोजन

**सोशल मीडिया पर छाया विक्रमोत्सव, करोड़ों लोगों ने देखा उज्जैन का वैभव**

**उज्जैन।** विक्रमोत्सव 2026 ने इस बार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नया इतिहास रच दिया है। आयोजन के प्रसारण और उससे जुड़े कंटेंट ने करोड़ों लोगों तक पहुंच बनाकर उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर मजबूती दी है।

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार 7 फरवरी से 24 मार्च के बीच विक्रमोत्सव से जुड़ी गतिविधियों ने कुल 17.72 करोड़ से अधिक लोगों तक डिजिटल पहुंच बनाई। आधिकारिक सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीम्स के माध्यम से लगभग 47.85 लाख लोगों तक सीधी पहुंच बनी, जबकि आमजन द्वारा बनाए गए कंटेंट और विभिन्न हैशटैग्स के जरिए 17.24 करोड़ से अधिक की अतिरिक्त डिजिटल रीच दर्ज की गई। आयोजन से संबंधित 300 से अधिक आधिकारिक पोस्ट साझा किए गए, जिनसे करीब 47,85,000 लोगों तक पहुंच बनी। इसके अलावा आमजन द्वारा तैयार किए गए कंटेंट और हैशटैग्स के माध्यम से 4500 से अधिक पोस्ट्स सोशल मीडिया पर साझा किए, जिनसे 17,24,70,000 से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचा।

महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक डॉ. श्रीराम तिवारी के अनुसार विक्रमोत्सव 2026 परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। इस आयोजन ने उज्जैन को केवल राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक मंच पर भी नई पहचान




दिलाई है। सोशल मीडिया पर विक्रमोत्सव और जय महाकाल जय विक्रम जैसे हैशटैग्स व्यापक रूप से ट्रेंड में रहे। विशेष रूप से इस उत्सव ने 2.7 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाकर डिजिटल ट्रेंड में प्रमुख स्थान हासिल किया। महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ और मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह उत्सव 15 फरवरी से 30 जून तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 15 फरवरी से 19 मार्च तक अकादमिक, साहित्यिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। उत्सव की शुरुआत प्रख्यात संगीतकार प्रीतम एंड बैंड की प्रस्तुति से हुई, जिसमें एक दर्जन युवा कलाकारों ने संगीत प्रस्तुत किया। वहीं 19 मार्च को रामघाट पर गायक और संगीतकार विशाल मिश्रा के समूह ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके अलावा पांच दिवसीय वन मेले, तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, अनादि पर्व और शिव पुराण से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी हुआ, जिन्हें बड़ी संख्या में लोगों ने देखा।

### व्यापार मेले में वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री

विक्रमोत्सव के अंतर्गत व्यापार मेले का भी आयोजन किया गया, जहां रिकॉर्ड स्तर पर वाहनों की बिक्री दर्ज की गई। उत्सव के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ी गतिविधियां 30 जून तक जारी रहेंगी। इसके साथ ही 3 से 5 अप्रैल 2026 तक वाराणसी में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्यफ़ का भव्य मंचन किया जाएगा, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य की वीरता, न्यायप्रियता और गौरवशाली इतिहास को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

## विष्णु सागर से लापता हुई 4 वर्षीय बालिका

**राजीव रत्न कॉलोनी का रहने वाला परिवार पिकनिक मनाने के लिए आया हुआ था**

**उज्जैन।** परिवार के साथ आई 4 साल की बालिका विष्णु सागर से गुरुवार शाम लापता हो गई। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। विष्णु सागर में सर्चिंग भी कराई गई है। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के विष्णुसागर में राजीव रत्न कॉलोनी का रहने वाला परिवार पिकनिक मनाने के लिए आया हुआ था। इस दौरान परिवार के बच्चे खेल रहे थे।

परिवार की 4 साल की बालिका शाम को जब दिखाई नहीं दी तो उसके लापता होने की जानकारी सामने आते ही परिवार में हड़कंप मच गया। बालिका की तलाश शुरू की गई और



पुलिस को सूचना दी गई। बालिका 4 साल की होना बताई जा रही है। पुलिस द्वारा विष्णु सागर में होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम से सर्चिंग भी कराई गई लेकिन बालिका का कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस की अलग-अलग टीम बालिका को आसपास के क्षेत्र में तलाश करने का प्रयास कर रही है। वहीं सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे जा रहे हैं। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि बालिका को तलाश करने के प्रयास किया जा रहे हैं और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## एक नजर में



### 29 लाख मंत्रों से की देवी की आराधना

**उज्जैन।** उज्जैन और देश की आर्थिक व सामाजिक सुख-समृद्धि की कामना के साथ सप्तमी तिथि पर वृहद बगलामुखी अनुष्ठान संपन्न हुआ। ऋषिनगर स्थित बगलामुखी ज्योतिष संस्थान में ज्योतिषाचार्य एवं बगलामुखी साधक अर्चना सरमंडल द्वारा यह अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर तीन सर्वार्थसिद्धि और दो रवि योग के विशेष संयोग में शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। साधक अर्चना सरमंडल ने बताया कि हर नवरात्रि की तरह इस बार भी उन्होंने एकांतवास में रहकर देवी के सवा लाख मंत्रों का जाप पूर्ण किया। इसके साथ ही उनका 29वां पुरश्चरण भी संपन्न हो गया है। अब तक 29 लाख मंत्रों से देवी की आराधना की जा चुकी है। बुधवार को सप्तमी तिथि की रात्रि में सप्त कुंडीय अनुष्ठान के माध्यम से इसकी पूर्णाहुति की गई। पूर्णाहुति के अवसर पर देवी से उज्जैन और पूरे देश की सुख-समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की गई। अनुष्ठान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अर्चना सरमंडल ने बताया कि देवी बगलामुखी अष्टम महाविद्या हैं, जो स्वर्ण आसन पर विराजित हैं। वे मारण, मोहन, वशीकरण और उच्चाटन आदि शक्तियों से सुसज्जित हैं। देवी अपने भक्तों को कभी पराजित नहीं होने देतीं।

### श्री मायापति मंदिर में कल से मनेगा जन्मोत्सव



**उज्जैन।** आगर रोड, सामाजिक न्याय परिसर (चरक भवन के सामने) स्थित श्री मायापति हनुमान मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री मायापति हनुमान मंदिर परिवार द्वारा 28 मार्च से 2 अप्रैल तक छह दिवसीय विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च से होगी। 28 से 30 मार्च तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री गिरीश शर्मा के मुखारविंद से श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ एवं व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ 29 और 30 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मंदिर परिसर में तुलादान महोत्सव संपन्न होगा। 31 मार्च को सामूहिक श्री गंगा माता पूजन का विशेष आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर सुबह क्षीरसागर मानस भवन से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से श्री रामचरितमानस अखंड रामायण पाठ शुरू होगा। इसी दिन रात्रि में बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य पर्व पर सुबह 9 बजे हवन होगा। शाम 7 बजे महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात विशाल भंडारे में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। मंदिर के पुजारी गणेश राय ने बताया कि जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजक मंडल ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इन छह दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### श्री रविदास सेवक संघ का चल समारोह आज

**उज्जैन।** श्री रविदास सेवक संघ, जिला उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत समाज द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ जवारे (घट) स्थापना की गई। नौ दिनों तक समाज की महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठजनों ने विधि-विधान से माता जी की सेवा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी ने बताया कि महोत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार, 27 मार्च 2026 को भव्य चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह चल समारोह शाम 5 बजे राजू नगर स्थित समाज की धर्मशाला से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में आकर्षक चुनरी यात्रा भी शामिल रहेगी, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक महिलाएं एवं समाजजन सहभागिता करेंगे। चल समारोह राजू नगर धर्मशाला से प्रारंभ होकर आगर रोड, गाड़ी अड्डा एवं फाजलपुरा मार्ग से होते हुए नगरकोट महारानी मंदिर पहुंचेगा, जहां माता रानी के दर्शन एवं आशीर्वाद लिया जाएगा। यह आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने का संदेश देता है। उन्होंने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।



### महाराष्ट्र समाज के मंदिर में मना राम जन्मोत्सव

**उज्जैन।** राम नवमी के पावन पर्व पर महाराष्ट्र समाज के राम मंदिर में राम जन्मोत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अर्चना आपटे तिवारी और उनके समूह द्वारा भगवान श्रीराम को समर्पित सुंदर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। आयोजन में महाराष्ट्र समाज उज्जैन के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, उपाध्यक्ष सदाशिव नायगावकर, कोषाध्यक्ष रवींद्र मुळे, सहसचिव मिलिंद पन्हाळकर, कार्यकारिणी सदस्य निलेश नेवाळकर, अभय आरोंदेकर, नरेंद्र पांडे, उदय सोले, निलेश फडणीस, लाभेश जोशी और चंद्रकांत फटाले उपस्थित थे। साथ ही श्री एवं दिनेश ठाकरे, धनंजय पटवर्धन, राजेश सोहनी, श्रीमती जोशी सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मंदिर परिसर की आकर्षक सजावट पुजारी केकरे और पैठणी द्वारा की गई। कार्यक्रम की यह जानकारी आयोजन के संयोजक व समाज कार्यकारिणी के सदस्य प्रदीप जोग ने दी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी प्रेस क्लब को भवन की सौगात

**उज्जैन प्रेस क्लब पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन मनाया गया**

**उज्जैन।** प्रेस क्लब के स्थापना दिवस एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव ने शहर के मीडिया कर्मियों को प्रेस भवन की सौगात दी। आपने कहा आने वाले समय में सिंहस्थ आयोजित होना है, और करोड़ों लोगों का आगमन शहर में होगा इस आयोजन के लिए शहर वासी भी तैयार रहें साथ ही इस आयोजन में मीडिया कर्मियों की भूमिका भी विशेष हो जाती है।

सिंहस्थ के दौरान पूरे देश का मीडिया उज्जैन में रहेगा, इसलिए प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए शीघ्र प्रेस क्लब भवन बनकर तैयार



होगा। इस आधुनिक भवन में प्रेस क्लब के साथियों के लिए सभी माकूल व्यवस्थाएं होंगी। आपने कहा सिंहस्थ 2028 को देखते हुए शहर में कई निर्माण कार्य चल रहे हैं जो इस शहर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। आयोजन की अध्यक्षता करते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव ने कहा कि प्रेस सिंहस्थ के लिए पूरी तरह तैयार है और बाहर से आने वाले पत्रकारों के स्वागत में भी कोई कमी नहीं रखी जाएगी। आयोजन में भगवान श्री राम का पूजन भी धूमधाम से किया जाकर क्लब का स्थापना दिवस मनाया गया। आयोजन में माननीय के सम्मान में केक सेरेमनी भी की गई। स्वागत कार्यकारी अध्यक्ष विशाल सिंह हाड़ा ने किया।

## खुद को दादा बताकर बदमाशों ने मांगे 50 हजार

**उज्जैन।** जयसिंहपुरा मार्ग हरिफाटक ब्रिज के नीचे होटल पर काम करने वाले अमन पिता बहादुरसिंह आंजना निवासी ब्रजराजखेड़ी रात को बुलेट से घर लौटते समय हरिफाटक ब्रिज के नीचे बदमाशों ने रास्ता रोक लिया और बोला कि हम क्षेत्र के दादा है यहां से बुलेट निकालना है तो 50 हजार रुपए देना होंगे। अमन ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए बुलेट में तोड़फोड़ कर दी, यही नहीं जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अमन ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत महाकाल थाने पहुंचकर दर्ज कराई और बताया कि मारपीट करने वाले अदनान निवासी बेगमबाग, राम उर्फ रामू नीलगंगा, कार्तिक और अन्य थे। एएसआई शंकरलाल कनोजे ने बताया कि अमन की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर राम उर्फ रामू को हिरासत में लिया गया है। अन्य बदमाशों की तलाश जारी है।

## चरक भवन के सीवरेज चैंबर में मिली लाश

**इमरजेंसी कक्ष के आसपास जो दुर्गंध फैल रही थी, खोजबीन की तो सीवरेज चैंबर में लाश पड़ी दिखी**

**उज्जैन।** जिला अस्पताल (चरक भवन) में गुरुवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। इमरजेंसी कक्ष के आसपास जो दुर्गंध फैल रही थी, कर्मचारियों ने आसपास खोजबीन की तो सीवरेज चैंबर में लाश पड़ी दिखाई दी।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 10.30 बजे के लगभग अस्पताल स्टाफ ने सूचना देकर बताया कि सीवरेज लाइन के चेंबर में एक युवक की लाश पड़ी हुई है। अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि सुबह से काफी दुर्गंध खेल रही थी। जिसके चलते कर्मचारियों ने सीवरेज चेंबर के केबिन को खुला था। जिसमें लाश पड़ी



दिखाई दी। पुलिस ने लाश को बाहर निकाला जो की दो से तीन दिन पुरानी हो चुकी। मृतक का चेहरा पहचानने भी नहीं आ रहा था। पुलिस ने पहले स्टाफ कर्मचारी होने की आशंका के चलते अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। मृतक के पास कोई दस्तावेज भी नहीं मिला जिससे उसके और परिजनों की जानकारी सामने आ सके। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है मृतक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

## सर्वसेन समाज का सामूहिक विवाह कल 36 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़ेंगे, नवदंपतियों को उपहार में मिलेगा सामान**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति एवं युवा संगठन के तत्वावधान में 27 मार्च को आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में सर्वसेन समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। समारोह में मध्य प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न जिलों के 36 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

सम्मेलन में उज्जैन, इंदौर, देवास, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, नीमच और राजस्थान के झालावाड़ सहित अन्य जिलों से जोड़े शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़ेंगे। विशेष अतिथि के रूप में नारायण यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, संजय अग्रवाल, मुकेश भाटी, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, रवि सोलंकी और नेता प्रतिपक्ष रवि राय उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन प्रभारी मनीष गोयल ने बताया कि यह आयोजन सम्मेलन अध्यक्ष बाबूलाल परमार और भरत भाटी के संयोजन में होगा। समारोह में 36 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। नवदंपतियों को घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी।

## शिप्रा नदी से 3 दिन बाद मिला मोहन नगर के ड्राइवर का शव

**ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज से मिली थी कार, 2 दिन तक की गई थी सर्चिंग, कूदने की आशंका जताई थी**

**उज्जैन।** ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के पास ब्रिज पर मिला कार के बाद ड्राइवर के नदी में कूदने की आशंका जताई गई थी। दो दिनों तक उसकी तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया गया। तीन दिन बाद गुरुवार को उसका शव ऋण मुक्तेश्वर ब्रिज से 1 किलोमीटर दूर शिप्रा नदी से मिल गया।

मोहन नगर में रहने वाला अनिल पिता आनंद सोलंकी 28 वर्ष ड्राइवरी करता था सोमवार तड़के उसके लापता होने की जानकारी सामने आई थी। कार मालिक ने ड्राइवर के नहीं आने पर तलाश शुरू की तो कार की जीपीएस लोकेशन ट्रेस की। कार ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के पास ब्रिज पर खड़ी मिल गई। जिसमें ड्राइवर अनिल का मोबाइल चप्पल और पर्स रखा था। अनिल के शिप्रा नदी में कूदने की आशंका जताई गई। पुलिस ने तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया दो दिनों तक होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम नदी में सर्चिंग करती रही लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया बुधवार को तलाशी अभियान बंद कर दिया गया। जिसके बाद गुरुवार सुबह कुछ लोगों ने जीवाजीगंज थाना पुलिस को सूचना देकर बताया कि पीरमत्यसेन्दं नाथ पास शिप्रा नदी में एक युवक की लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को बाहर निकाला गया। जिसकी पहचान अनिल सोलंकी के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग



कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अनिल ने नदी में कूदकर आत्महत्या क्यों की है। पुलिस के अनुसार अनिल के लापता होने के बाद परिजनों से संपर्क किया गया था। लेकिन उन्होंने कुछ भी नहीं बताया था। अब लाश मिलने पर परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे उसके बाद ही सामने आ पाएगा कि अनिल ने नदी में छलांग क्यों लगाई थी।

### रिंग रोड से भी मिला युवक का शव

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के ही रिंग रोड स्थित आशु मेतरानी माता मंदिर के पास बुधवार शाम को एक युवक की लाश बरामद की गई। जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। युवक ने संभवत जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंच कर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किया। बताया जा रहा है कि मृतक युवक के हाथ पर बीके गुदा हुआ है। परिजनों के मिलने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## 400 से अधिक शरीर साधक दिखाएंगे 28-29 मार्च को दम

**एमपी की दो टीमें घोषित उज्जैन के गजेंद्र मेहता बने राज्य दल के प्रबंधक**

**उज्जैन।** इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन द्वारा 17वीं सीनियर मेंस-विमेंस नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य और गरिमामय आयोजन इंदौर के बास्केटबॉल एरीना में किया जा रहा है।

### मध्य प्रदेश की ए और बी टीम चयनित

स्पर्धा के लिए मध्य प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन कर ए और बी टीम बनाई गई है। टीम ए में जेताराम नायक, उदय सिंह चौहान, युवराज वर्मा, राकेश लोधी, निर्मल कुमार और कमलेश चांगल रहेंगे। वहीं, बी टीम में चयनित खिलाड़ियों में मेघ शाम धुरी, विष्णु कर्वे, विशाल सिंह तोमर, पुष्पेंद्र सिंह, प्रमोद रघुवंशी, विवेक रघुवंशी, हाशिम अली, शैलेंद्र शुक्ला और अनमोल तिवारी शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश दल के प्रबंधक की जिम्मेदारी उज्जैन के गजेंद्र मेहता को सौंपी गई है और स्पर्धा में निर्णायक अतिन तिवारी एवं रोहित जेठवा रहेंगे।

28 और 29 मार्च को आयोजित होने वाले शरीर साधकों के इस वार्षिक कुंभ में देशभर के 400 से अधिक खिलाड़ी संगीत की धुन पर अपनी मांसपेशियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। राज्य इकाई के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव एवं पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि चैंपियनशिप को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह है। राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ने बताया कि चैंपियनशिप में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पद्मश्री प्रेमचंद ढींगरा, अर्जुन अवार्डी टीवी पोली, इंटरनेशनल जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे, राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी रमेश विशेष रूप से रहेंगे।

## पीएमएस परिसंपत्तियों में वृद्धि से बदलाव के संकेत



**उज्जैन।** भारत में पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज़ उद्योग में तेज़ी से हो रही वृद्धि उच्च-निवल-मूल्य निवेशकों के निवेश दृष्टिकोण में आ रहे संरचनात्मक बदलाव को दर्शाती है। यह बात महिलाओं पर केंद्रित पीएमएस प्लेटफ़ॉर्म धनवेस्टटर ने कही है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, पीएमएस के तहत प्रबंधित परिसंपत्तियां बढ़कर 10.5 लाख करोड़ से अधिक हो गई हैं। जो 2022 के स्तर से लगभग दोगुनी हैं। इसी अवधि में पीएमएस निवेशकों की संख्या में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जो कस्टमाइज़्ड निवेश समाधानों की बढ़ती मांग को दर्शाती है। इस पर टिप्पणी करते हुए, धनवेस्टटर की संस्थापक एवं सीईओ अनुश्का सोहम बाथवाल ने कहा कि पीएमएस उद्योग की तेज़ वृद्धि भारत के वेल्थ मैनेजमेंट इकोसिस्टम के परिपक्व होने का संकेत है। जहां समृद्ध निवेशक दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के अनुरूप वैकल्पिक निवेश रणनीतियों की ओर देख रहे हैं।

## बैडमिंटन में मोनिका ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**गोवा में आयोजित प्रतियोगिता में महिला एकल के 35 प्लस आयु वर्ग में सफलता हासिल की**

**उज्जैन। गोवा में आयोजित 48वीं मास्टर वेटरन नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में उज्जैन की मोनिका खलोटिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। इस उपलब्धि पर शहर के साथ अभिभावकों को भी गौरवांवित कर दिया।**

विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब की प्रतिभावान खिलाड़ी मोनिका ने यह पदक महिला एकल के 35 प्लस आयु वर्ग में हासिल कर न सिर्फ क्लब का, बल्कि पूरे उज्जैन शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। खिलाड़ी के प्रदर्शन को लेकर कोच योगेश बंदेवार ने बताया कि मोनिका नियमित रूप से महानंदा स्थित विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब में कड़ा अभ्यास करती हैं। उनकी इसी लगन और निरंतर प्रैक्टिस का परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में यह अहम सफलता प्राप्त की है। मोनिका की इस गौरवमयी उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और शहरवासियों में उत्साह है। विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के संरक्षक व विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, क्लब अध्यक्ष दिनेश जाटवा, सचिव जितेन्द्र मुकाती, राजेश योहान और सुधीर यादव सहित क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

**प्राण प्रतिष्ठा... उज्जैन के बगलामुखी मंदिर में आज रामलला-हनुमान की प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति आज होगी**

## सीएम 10 महाविद्या की प्रतिष्ठा अनुष्ठान में दूसरी बार शामिल

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के भैरवगढ़ रोड पर स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में चल रहे 10 महाविद्या की मूर्ति प्रतिष्ठा अनुष्ठान में दूसरी बार शामिल हुए।

भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में यहां प्रतिष्ठा अनुष्ठान चैत्र नवरात्रि में किया जा रहा है। मंदिर परिसर में मां बगलामुखी के अलावा 10 महाविद्याओं में शामिल देवियों के साथ विक्राल भैरव की मूर्ति प्रतिष्ठा की गई है। आज रामनवमी पर्व पर श्री रामलला और हनुमान जी की प्रतिष्ठा होगी। इसके साथ ही यह नौ



दिनी अनुष्ठान पूर्ण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अनुष्ठान के पहले दिन भी शामिल हुए थे तथा दूसरे दिन सप्तमी की रात हवन में शामिल हुए व जनकल्याण, विश्व कल्याण हेतु आहुतियां डाली।



### पूर्व मिस इंडिया ईशा महाकाल पहुंची

उज्जैन। साल 2015 में मिस इंडिया रही ईशा अग्रवाल ने गुरुवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। वे अल सुबह की भस्मारती में शामिल हुई। उन्होंने पूजन-अर्चन कर देश-विदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिर में वे पीली साड़ी में नजर आईं। गले में माला और माथे पर त्रिपुंड लगाए रखा। ईशा मिस इंडिया इंटरनेशनल 2017 और मिस ब्यूटी टॉप ऑफ द वर्ल्ड 2019 जैसे खिताब भी जीत चुकी हैं।